# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 25 अक्टूबर 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में 7 से 17 अक्टूबर 2025 तक 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन कहां किया गया ?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) अजमेर
(D) इनमें से कोई नही

- *जवाहर कला केंद्र (जेकेके), जयपुर द्वारा 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन 7 से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है.*
- *भारत की मनोरम लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाले लोकरंग में राजस्थान समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे।*
- *इस 11 दिवसीय आयोजन में 28 राज्यों के लगभग 2500 लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और शिल्पग्राम में एक राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला भी लगेगा*

## Yesterday Revision

📌. राजस्थान में आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के घाटोल क्षेत्र के किस गांव में स्वर्ण अयस्क के संभावित भंडार के संकेत मिले हैं?:- कांकरिया गांव

📌. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत राजस्थान में जिलेवार रैंकिंग में कौनसा जिला प्रथम स्थान पर है :- बारां

📌. बहरीन यूथ एशियन गेम्स में राजस्थान के कितने साइक्लिस्ट हिस्सा लेंगे :- 5 साइक्लिस्ट

📌. राजस्थान का पहला इलेक्ट्रिक बस मेन्यूफैक्चरिंग प्लांट कहां स्थापित होगा?:- कोटपूतली-बहरोड़

📌. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच और इंडो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन की ओर से किसे आयरन लेडी 2025 अवार्ड दिया जाएगा ?:- डॉ. अनिता परिहार

**01. हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शौर्य वन का उद्घाटन कहां पर किया?**



(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में शौर्य वन का उद्घाटन जैसलमेर में
- उद्घाटन – 23 अक्टूबर 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा।
- भारत के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अक्टूबर को जैसलमेर पहुंचे। जहां उन्होंने शौर्य वन का उद्घाटन किया।
- इसके साथ ही वॉर म्यूजियम में रक्षा मंत्री ने लोंगेवाला युद्ध के रखे संस्मरणों व फोटोग्राफी का भी निरीक्षण किया

02. हाल ही में बहरीन में चल रहे यूथ एशियन गेम्स में भारत की गर्ल्स और बॉयज कबड्डी टीमों ने गोल्ड जीते हैं, इसमें राजस्थान के कितने खिलाड़ी शामिल हुए?

(A) 5 खिलाड़ी

(B) 9 खिलाड़ी

(C) 3 खिलाड़ी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- बहरीन में चल रहे यूथ एशियन गेम्स में भारत की गर्ल्स और बॉयज कबड्डी टीमों ने गोल्ड जीते हैं।
- दोनों टीमों ने फाइनल में ईरान को हराया। गर्ल्स ने ईरान को 75-21 से और बॉयज ने 35-32 से पराजित किया।
- इन टीमों में राजस्थान के भी 5 खिलाड़ी हैं। गर्ल्स टीम में चार बेटियां निकिता, अक्षिता, लक्षिता और कृष्णा थीं तो बॉयज में सचिन चौधरी शामिल थे। तीन बेटियां जयपुर की और कृष्णा चूरू की हैं
- बहरीन यूथ एशियन गेम्स आयोजन अवधि – 22 से 31 अक्टूबर 2025

03. राजस्थान में एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तर्ज पर चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अब तक कुल कितने पौधे लगाए जा चुके हैं?

(A) 22.40 करोड़

(B) 18.50 करोड़

(C) 12.90 करोड़

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में 7 अगस्त, 2024 (हरियाली तीज) को करौली जिले के सपोटरा में आयोजित कार्यक्रम में हरियालो राजस्थान की शुरुआत की
- इस अभियान के तहत राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, पहले वर्ष 7 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया। वर्ष 2025 में कुल 10 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 11.50 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। अब तक कुल 18.50 करोड़ पौधे लगाए जा चुके
जयपुर में सर्वाधिक 77.43 लाख पौधे
- अभियान की पारदर्शिता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरियालो राजस्थान मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जा रही है,
- हरियाली तीज 27 जुलाई, 2025 को आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर मात्र एक दिन में 2 करोड़ 50 लाख पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया गया।

04. हाल ही में जयपुर के शिल्पकार रोहित जांगिड़ और उनके परिवार को अमेरिकन आर्ट अवॉर्ड्स 2025 में उनकी किस कृति के लिए सम्मानित किया गया?



(A) रॉयल वीणा

(B) श्री राम प्रतिमा

(C) रॉयल रवाज

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर के प्रसिद्ध शिल्पकार रोहित जांगिड़ और उनके परिवार को अमेरिकन आर्ट अवॉर्ड्स 2025 में स्कल्प्चर-रिप्रेजेंटेशनल कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल हुआ है।
- यह सम्मान उन्हें उनकी अद्भुत कृति 'रॉयल वीणा' (Royal Veena) के लिए मिला है, जिसे पूरी तरह चंदन की लकड़ी (Sandalwood) पर नक्काशी कर बनाया गया है। यह पुरस्कार दुनिया भर के 63 देशों के कलाकारों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद घोषित किया गया।
- दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भेंट में जो चंदन की लकड़ी से बनी 'रॉयल वीणा' दी थी, उसे भी जयपुर के मोहित जांगिड़ और उनके परिवार ने ही तैयार किया था।

05. हाल ही में शिक्षा विभाग के जरिए बालिकाओं को हर साल देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत कितनी स्कूटियों का वितरण करने का फैसला लिया है ?

(A) 4,240

(B) 4,800

(C) 6,420

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना में वर्ष 2025-26 से बालिकाओं को हर साल 4,240 स्कूटियों का वितरण करने का फैसला लिया है
- यह योजना वर्ष 2011-12 में शुरू की गई थी. जिसमें पहले 1500 स्कूटी ही बांटी जाती थी. लेकिन अब इसके लक्ष्य को बढ़ाते हुए कॉलेज शिक्षा विभाग के जरिए बालिकाओं को हर साल 4,240 स्कूटियों का वितरण करने का फैसला लिया है.
- यह योजना विशेष रुप से राजस्थान की विशेष पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए है. इस योजना के तहत राज्य सरकार अब तक ₹74.35 करोड़ खर्च करके 16,021 छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चुकी है

06. राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भारतीय सेना के कौनसे सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया?

(a) थार शक्ति

(b) मरू शक्ति

(c) राज शक्ति

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भारतीय सेना के 'थार शक्ति' सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया
- राजस्थान एक्सरसाइज थार शक्ति भारतीय सेना की एक एक्सरसाइज है जो रेगिस्तानी इलाकों में ज़मीन पर होने वाली लड़ाई पर फोकस करती है.
- इस सैन्य अभ्यास में 'रोबोट डॉग', ड्रोन, 'एटॉर एन1200' जैसे उन्नत वाहन, अत्याधुनिक टैंक और हेलीकॉप्टर शामिल रहे, जिन्होंने भविष्य के युद्ध कौशल और गति-ताकत का अनोखा संगम दिखाया|
- भारतीय सेना की महत्वपूर्ण 'आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस जैसलमेर में 23 से 25 अक्टूबर तक यह कॉन्फ्रेंस जारी रहेगी. इसमें रक्षा मंत्री और सेना के वरिष्ठ अधिकारी देश की सुरक्षा स्थिति और भविष्य की सैन्य रणनीतियों पर चर्चा करेंगे

07. लंदन के रॉयल महल में आयोजित आठ वर्ष से कम आयु श्रेणी की सबसे बड़ी जूनियर चैस प्रतियोगिता किसने जीती है?

(A) मयंक श्रीवास्तव

(B) अजय चौधरी

(C) निकेश आचार्य

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान के जोधपुर के छह वर्षीय निकेश आचार्य ने यूनाइटेड किंगडम के लंदन के रॉयल महल में आयोजित आठ वर्ष से कम आयु श्रेणी की सबसे बड़ी जूनियर चैस प्रतियोगिता जीत कर न केवल रिकॉर्ड बनाया है
- प्रतिष्ठित ब्लेनहेम पैलेस में आयोजित की गई जिसमें यूके के 60 सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- निकेश ने 8 वर्ष से कम उम्र की सबसे कम उम्र की श्रेणी में प्रतियोगिता के लिए कप जीता। यह यूके शतरंज चैलेंज में प्रतिस्पर्धा करने का उनका पहला सीज़न है।

08. राजस्थान ने पेलिएटिव केयर सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कौनसा स्थान हासिल किया है?

(A) द्वितीय स्थान

(B) तृतीय स्थान

(C) प्रथम स्थान

(D) चतुर्थ स्थान

**Important Facts:**

- राजस्थान ने पेलिएटिव केयर सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है।
- इस उपलब्धि के लिए राजस्थान को 11 अक्टूबर को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।
- प्रदेश की ओर से राज्य नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया
- होम बेस्ड पेलिएटिव केयर के अन्तर्गत राजस्थान में रेगिस्तानी क्षेत्र, दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में प्रभावी सेवाएं दी जा रही हैं

09. हाल ही में भारत और किस देश की नौसेनाओं के बीच एक संयुक्त समुद्री युद्धाभ्यास "समुद्र शक्ति 2025" का आयोजन कहां किया गया ?

(A) इंडोनेशिया

(B) सिंगापुर

(C) जापान

(D) अमेरिका

**Important Facts:**

- समुद्र शक्ति 2025 भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच एक संयुक्त समुद्री युद्धाभ्यास है, जिसका पाँचवाँ संस्करण 14 से 17 अक्टूबर 2025 तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था।
- इसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच तालमेल, परिचालन समन्वय और समुद्री सहयोग को मजबूत करना है।
- इसमें हार्बर चरण में पेशेवर संपर्क और समुद्री चरण में हेलीकॉप्टर संचालन, वायु रक्षा, हथियार फायरिंग और VBSS अभ्यास जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं

10. हाल ही में किसे भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) की उपाधि प्रदान की गई?

(A) नीरज चोपड़ा
(B) विराट कोहली
(C) रोहित शर्मा
(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) की उपाधि दी।
- वर्ल्ड एथलेटिक्स की रैंकिंग में नीरज दुनिया के नंबर-3 जेवलिन थ्रोअर हैं।
- उन्हें अर्जुन पुरस्कार, खेल रत्न पुरस्कार और पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले  के घाटोल क्षेत्र के किस गांव में स्वर्ण अयस्क के संभावित भंडार के संकेत मिले हैं?**

(A)  आमेट गांव

(B)  दादिया गांव

(C)  कांकरिया गांव

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine